इंडसइंड बैंक में हमारा हमेशा यह प्रयास रहता है कि आपके लिए बैंकिंग सुरक्षित एवं आसान हो और इसके लिए हम आपको धोखाधड़ियों से बचने के तरीकों की लगातार जानकारी देते रहते हैं।

## क्या करें

- अपनी चेक बुक हमेशा सुरक्षित जगह पर रखें। चेक खो जाने की स्थिति में, कृपया शाखा को सूचित करें या भुगतान अनुदेशों को रोकने के लिए हमारे संपर्क केंद्र से तुरंत संपर्क करें।
- यदि आप शाखा में/ से नकदी जमा/ आहरित करना चाहते हैं तो ऐसी जमा/ आहरण शाखा के नकदी काउंटर पर/ से ही किया जाना चाहिए। ऐसे नकदी लेन-देन के लिए आपको टेलर द्वारा विधिवत् स्टांप लगी हुई रसीद प्राप्त कर लेनी चाहिए। आपके पास नकदी लेन-देन के लिए एटीएम इस्तेमाल करने का विकल्प भी उपलब्ध है।
- वेलकम किट/ चेक बुक/ डेबिट कार्ड प्राप्त होने पर उसकी जांच कर लें और यदि पैकेट से छेड़छाड़ की गई हो या चेक बुक का कोई पन्ना गायब हो या कुछ संदेहजनक प्रतीत होता हो तो शाखा प्रबंधक/ संपर्क केंद्र को तुरंत सूचित करें।
- कृपया अपना लेखा विवरण (स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट)/ पास बुक जांच लें और यदि कोई विसंगति हो तो कृपया मामले को शाखा प्रबंधक/ संपर्क केंद्र के ध्यान में तुरंत लाएं।
- हमारे कार्यपालक को देने से पहले, कृपया खाता खोलने के फॉर्म/ फॉर्मों, निवेश संबंधी फॉर्म/ फॉर्मों, मीयादी जमा आवेदन/ आवेदनों के सभी खानों को भर लें।
- खाता खोलने, जमा रखने, निवेशों आदि जैसे किसी भी प्रयोजन के लिए जारी चेक, सभी खानों को भरने के बाद ही हमारे कार्यपालक को सौंपें।
- कृपया डिपाज़िट रखने से पहले एफडी दर चार्ट देख लें और बैंक द्वारा जारी एफडी एडवाइसों को लेखा विवरण (स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट) में दी गई एफडी रसीदों के साथ जांच लें।
- कृपया पिन नोट करने के बाद, आपको प्राप्त पिन मेलर नष्ट कर दें और किसी नजदीकी एटीएम में जाकर पिन तुरंत बदल लें।
- कृपया सुनिश्चित करें कि कार्ड, पीओएस (बिक्री पॉइंट) पर आपकी उपस्थिति में स्वाइप किया जाए, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका खाता सही है, समय-समय पर अपने खाता-विवरण की पुष्टि करें। कोई भी अनधिकृत कार्ड लेनदेन, यदि पाया जाता हो तो, बैंक को तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।
- अपने एटीएम और खरीद संबंधी लेनदेन के बारे में एसएमएस अलर्ट प्राप्त करने के लिए बैंक में अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करें।

## क्या न करें

- अपने खाते में जमा करने के लिए किसी भी शाखा कार्यपालक (शाखा टेलर के अलावा) को पैसे न दें।
- किसी भी प्रयोजन के लिए, कोरा चेक या क्रेडिट कार्ड बैंक कार्यपालक को न दें।
- अपनी चेक बुक और कार्ड्स् एक साथ न रखें।
- हस्ताक्षर किये हुए कोरे चेक पन्ने न रखें।
- अपना खाता विवरण, पासवर्ड या अन्य सुरक्षा संबंधी जानकारी (बैंक कार्यपालक सहित) किसी को न दें।
- डेबिट कार्ड के पीछे या बटुए में कोई भी पासवर्ड न लिखें या रखें। बस, अपना पासवर्ड याद रखें।
- ऐसे किसी फोन या ईमेल का जवाब न दें जो आपसे आपके खाते के बारे में या डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड विवरण जैसे कि सीवीवी, समाप्त होने की तारीख, नेट बैंकिंग पासवर्ड, ओटीपी और कोई अन्य व्यक्तिगत विवरण मांग रहा हो।
- कृपया कार्ड पर या कार्ड के पीछे अपना पिन न लिखें, और अपना पिन परिवार के किसी भी सदस्य या बैंक कार्यपालक या ईमेल/ फैक्स आदि के माध्यम से प्राप्त अनुरोध के जवाब में न बताएं।
- अपना कार्ड एटीएम में कभी न छोड़ें। अपना कार्ड अपनी पहुंच से बाहर न रखें अर्थात् कार में, होटल के कमरे में या कार्य-स्थल पर या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में।
- अपना पिन ऐसे एटीएम में कभी न डालें जो सही प्रतीत न होता हो या संशोधित प्रतीत होता हो या जिसमें कोई संदिग्ध डिवाइस जुड़ा हो या संदेहास्पद तरीके से कार्य कर रहा हो।

इस प्रकार, हमेशा सरल, अपीतु महत्वपूर्ण सुरक्षा संकेतों की जानकारी रखते हुए सुरक्षित बैंकिंग करें, स्मार्ट बैंकिंग करें। **बेहतर बैंकिंग आपके हाथ में है।**

For more details, call our 24x7 Phone Banking Numbers: 1860 500 5004 / +91 22 4406 6666. Visit us at www.indusind.com

## “My banking is always secure because I follow some simple rules to avoid frauds”



**IndusInd Bank**

At IndusInd Bank, it is our endeavour to make banking safe and secure for you and we constantly engage to make you aware of ways to keep yourself protected from frauds.

## Do's

- Always keep your Cheque Book in safe custody and in case of loss of cheque, please inform the Branch or call our Contact Centre immediately for stop payment instructions.
- If you intend to deposit or withdraw cash from the Branch, the same should be deposited or withdrawn only at the cash counter of the Branch. For such cash transactions, you should collect a cash deposit receipt duly stamped by the teller. You also have the option of using the ATMs for cash transactions.
- On receipt of the Welcome Kit/ Cheque Book/ Debit Card, immediately check and report the same, if the packet is tampered with or any cheque leaf is missing, or any other suspicious observation, to the Branch Manager or Contact Centre.
- Please check your Statement of Account/ Pass Book and in case of any discrepancy, please bring the matter to the notice of the Branch Manager/ Contact Centre immediately.
- Please complete all the fields in the Account Opening Form/s, investment related proposal form/s, FD application/s before handing over to our Executive.
- Cheques issued for any purpose like opening account, placing deposits, for investments, etc. should be handed over to our Executive, only after filling up all the fields.
- Please refer to the FD rate chart before placing deposits and verify the FD advices issued by the Bank with the FDs listed in the Statement of Account.
- Please destroy the PIN mailer received by you upon noting the PIN. Visit any ATM close by to get the PIN changed immediately.
- Please ensure that the card is swiped in your presence at POS (Point of Sale). Also, periodically verify your Account Statements to ensure its correctness. Any unauthorized card transaction, if observed, should be reported immediately to the Bank.
- Register your mobile number with the Bank to receive SMS alerts for your ATM & purchase transactions.

## Dont's

- Do not handover cash to any Branch Executive (other than Branch Teller) for depositing the same in your account.
- Do not handover blank cheques or Credit Card to the Bank Executives for any purpose.
- Do not keep your Cheque Book and cards together.
- Do not keep blank signed cheque leaves.
- Do not share your account details, password or other security information with anyone (including the Bank Executives).
- Do not store/ write any passwords on the back of the Debit Card or in the wallet. Simply memorize your password.
- Do not respond to any call/ email asking for your Account, Debit Card/ Credit Card details including CVV, Expiry Date, Net Banking Password, OTP/ any other personal details.
- Do not write your PIN on the Card or back of the Card. Never share your PIN with anyone including a family member or bank personnel, or in response to requests through email, fax, etc.
- Do not leave your card in the ATM and never leave your card unattended, e.g. in the car, in a hotel room, at work or at merchant establishments.
- Do not enter your PIN in any ATM that does not seem to be genuine or seems modified/ has a suspicious device attached/ operating in a suspicious manner.

So, bank safe and bank smart by staying aware of these simple yet critical security pointers at all times. **Better banking is in your hands.**

